# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

**BOARD OF SCHOOL EDUCATION UTTARAKHAND, RAMNAGAR (NAINITAL)**

*Phone No-05947-254275* *E-mail: secy-ubse-uk@nic.in* *Website- www.ubse.uk.gov.in*


*महत्वपूर्ण/ई–मेल*

प्रेषक,

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

**सेवा में,**

**समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी**
**उत्तराखण्ड।**

पत्रांक : उ0वि0शि0प0/शोध–पाठ्यक्रम/परि0प0–SQP/ 117-22 /2025–26 दिनांक 11 नव0, 2025

**विषय : हाईस्कूल परिषदीय परीक्षा–2026 के दृष्टिगत् प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों (Sample Question Papers-SQPs) को परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड कर प्रसारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराया जाना है कि हाईस्कूल परिषदीय परीक्षा–2026 की तैयारियों के दृष्टिगत् हाईस्कूल स्तर पर संचालित विषयों के प्रश्नपत्रों के पैटर्न से संस्थाध्यक्षों, विषयाध्यापकों एवं अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को अवगत कराये जाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा राज्य के विभिन्न विद्यालयों में सम्बन्धित विषय में शिक्षण कर रहे अनुभवी अध्यापकों के सहयोग से मुख्य विषयों में प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों (Sample Question Papers-SQPs) का निर्माण कराया गया है। निर्मित प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों को विषयाध्यापकों एवं अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के उपयोगार्थ परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in के Research & Syllabus के Model Question Paper लिंक पर अपलोड** कर प्रसारित किया जा रहा है। यह भी अवगत कराया जाना है कि छात्र–छात्राओं की तार्किक एवं विश्लेषण क्षमता को विकसित किये जाने के उद्देश्य से हाईस्कूल परिषदीय परीक्षा–2026 में मुख्य विषयों के प्रश्नपत्रों में कथन–कारण प्रकार के प्रश्न (Assertion-Reason type questions) तथा केस स्टडी आधारित प्रश्नों (Case study based questions) का समावेश किया जाना है तथा प्रश्नपत्रों में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की संख्या भी बढ़ायी जानी है। ये प्रतिदर्श प्रश्नपत्र केवल परिषदीय परीक्षाओं की प्रारम्भिक तैयारियों तथा विषयाध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं के अभ्यासार्थ अपलोड कर प्रसारित किये जा रहे हैं। परिषदीय परीक्षा–2026 के प्रश्नपत्रों के स्वरूप में आंशिक परिवर्तन हो सकता है।

उपरोक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ संस्थाध्यक्षों, विषयाध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं को इस सम्बन्ध में अविलम्ब अवगत कराते हुये तद्नुसार परिषदीय परीक्षा की प्रारम्भिक तैयारी तथा प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों का अभ्यास करवाने हेतु आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

11/11/2025

**(वी0पी0 सिमल्टी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0सं0: उ0वि0शि0प0/शोध–पाठ्यक्रम/परि0प0–SQP/ 117-22 /2025–26 दिनांक उक्तवत।

**प्रतिलिपि निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/सभापति, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, देहरादून।
3. निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. समस्त संस्थाध्यक्ष उत्तराखण्ड ***(सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से)***।

11/11/2025

**(वी0पी0 सिमल्टी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।